# बांग्लादेश के लेखक को सम्मानित किया

नई दिल्ली। साहित्य अकादमी ने बांग्लादेश के लेखक और अनुवादक प्रोफेसर सफिकुन्नबी सामादि को अकादमी की प्रतिष्ठित प्रेमचंद महत्तर सदस्यता देकर सम्मानित किया। मंगलवार आयोजित कार्यक्रम में अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि साहित्य हर सीमा के प्रतिबंध से स्वतंत्र होता है। सफिकुन्नबी सामादि ने कहा कि अनुवाद दुनिया को जोड़ने का एक जरिया है। इनकी अब तक चार मौलिक पुस्तकें, 18 अनुवाद पुस्तकें और तीन संपादित पुस्तकें प्रकाशित हैं।